कार्यालय जनसम्पर्क अधिकारी
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर
राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर (म.प्र.) – 474002

फोन / फैक्स : 0751–2970230, 2970231
ईमेल : pro.rvskvv@gmail.com

क्र. / जन.कार्य. / 2023–24 / 460 दिनांक : 29 / 02 / 2024

प्रति,

श्रीमान संपादक महोदय / ब्यूरोचीफ

ग्वालियर, म.प्र.

महोदय,

निवेदन है कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का एक महत्वपूर्ण समाचार प्रकाशनार्थ प्रेषित है। कृपया प्रकाशित कर सहयोग करने का कष्ट करें।

प्रेसनोट:–

(जनसम्पर्क अधिकारी)

कृषि विवि– सी.ए.आई.ई. में इन्क्यूबिटीज हेतु कार्यशाला

ग्वालियर। कृषि विष्वविद्यालय ग्वालियर अंतर्गत एग्रीबिजनेस इन्क्यूबेशन एंड इंटरप्रेन्योरशिप सेंटर में उद्यमियों के लिए हाइब्रिड मोड में एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिससे ऑफलाइन के साथ–साथ ऑनलाइन माध्यम से भी उद्यमियों को जोड़ा जा सके।

कार्यक्रम में सी.ए.आई.ई. के नोडल अधिकारी डॉ. वाय डी मिश्रा ने इन्क्यूबिटीज हेतु सेंटर द्वारा किये गये एग्रीबिजनेस से संबंधित कार्य व एग्रीबिजनेस हेतु इन्क्यूबिटीज को मिलने वाली सहायता आदि विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराया। इस वर्कषॉप के माध्यम से डॉ. मिश्रा ने सेन्टर की तरफ से बिजनेस को बढाने और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट में सहायता करने का आश्वासन दिया तथा व्यापार की गतिविधियों को आगे बढाने हेतु जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम में मार्केटिंग मैनेजर अवध बिहारी पाल ने मार्किट लिंकेज, ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग द्वारा उत्पादों की बेहतर बिक्री व डिजिटल मार्केटिंग करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में 12 इन्क्यूबिटीज ऑफलाइन व 4 इन्क्यूबिटीज ऑनलाइन मौजूद रहे